54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2°c अधिकतम 33.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:53, सूर्यास्त - 6:48 | वर्ष : 54/ अंक : 235 | बुधवार, 26 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

पर्वत श्रेष्ठ हैं, उनसे भी पृथ्वी श्रेष्ठ है, उससे भी ब्रह्मांड श्रेष्ठ है और उससे भी अत्यंत श्रेष्ठ महात्मा है– जो प्रलय में भी स्थिर रहते हैं।

चौधरी चरण सिंह की मेहरबानी से सपा को सत्ता मिल गई थी, लेकिन सपा ने गरीबों का आरक्षण खाने का काम किया : ओम प्रकाश राजभर



आपकी परवाज जब भी हो बुलंदी की तरफ.....तब जमीं से अपना रिश्ता याद रखना चाहिए.....

# त्यौहारों से पहले अकबर की जहर फैक्ट्री सील

**▶▶ अकबर मिल्क चिलिंग प्लांट में मिले लाखों के जहरीले दुग्ध उत्पाद**
**▶▶ 10 नमूने लिए, 14,500 लीटर दूध समेत लाखों रुपये की सामग्री जब्त**
**▶▶ एसएमपी से तैयार किया गया 200 लीटर संदिग्ध दूध नष्ट कराया गया**

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** त्योहारों पर जिंदगी में जहर घोलने की साजिश का भंडाफोड़ करते हुए खाद्य विभाग ने अकबर चिलिंग प्लांट से लाखों रुपए के दूध पदार्थ और निर्माण सामग्री जब्त की है। प्लांट में एसएमपी घोल कर नकली दूध तैयार किया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने दूध, एसएमपी, घी, क्रीम और संदिग्ध अपमिश्रक पदार्थों सहित कुल 10 विधिक नमूने लिए। 200 लीटर सफेद घोल जैसे संदिग्ध दूध को नष्ट करा दिया गया। मौके से करीब 14,500 लीटर दूध, घी, क्रीम, कास्टिक आदि जहरीला सामान जब्त किया गया। चिलिंग प्लांट को बंद कराने के बाद इसके लाइसेंस को निलंबित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। प्लांट संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभियान में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुढ़ाना में कर्बला रोड स्थित अकबर मिल्क चिलिंग सेंटर पर कार्रवाई कर मौके से दूध, एसएमपी, घी, क्रीम और संदिग्ध अपमिश्रक पदार्थों सहित कुल 10 विधिक नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान टीम को परिसर में एसएमपी मिलाकर नकली दूध जैसा घोल तैयार किए जाने की प्रक्रिया भी मिली। इसके अलावा प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के योग्य नहीं प्रतीत होने और अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे करीब 200 लीटर सफेद घोल को जनहित में मौके पर नष्ट कराया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब छह हजार रुपये बताई गई। खाद्य विभाग की टीम ने मौके से करीब 14,500 लीटर दूध जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 8.70 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा करीब 78,960 रुपए मूल्य का 235 किलोग्राम एसएमपी, करीब आठ हजार रुपए का 10 किलोग्राम घी, करीब 24,500 रुपये की 70 किलोग्राम क्रीम,करीब एक हजार रुपए मूल्य का 10 किलोग्राम कास्टिक सोडा और करीब 960 रुपए कीमत का 48 लीटर पारदर्शी तरल पदार्थ जब्त किया गया। जब्त की गई सामग्री को नियमानुसार खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। विभाग ने प्रतिष्ठान का संचालन पूरी तरह बंद करा दिया है। अधिकारियों ने सपरेटा दूध, संदिग्ध सफेद घोल, मिश्रित दूध के दो नमूने, गाय के दूध, एसएमपी, संदिग्ध कास्टिक सोडा, पारदर्शी तरल पदार्थ, गाय के घी और क्रीम के एक-एक विधिक नमूने लिए। सभी 10 नमूनों को त्वरित जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य कारोबारकर्ता के खिलाफ संबंधित थाने में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्रवाई देर तक चलने के कारण प्रतिष्ठान के खाद्य लाइसेंस के निलंबन की प्रक्रिया अगले दिन पूरी किए जाने की बात विभाग की ओर से कही गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप सिंह, वैभव शर्मा, सुनील कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. विशाल चौधरी और नेहा चौधरी शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा कि पर्वों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**बरामद सामग्री**
- ▶▶ 14,500 लीटर तैयार मिलावटी दूध
- ▶▶ 235 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर
- ▶▶ 10 किलोग्राम घी
- ▶▶ 70 किलोग्राम क्रीम
- ▶▶ 10 किलोग्राम कास्टिक सोडा
- ▶▶ 48 लीटर तरल रसायन











# मासूमों के जीवन से जानलेवा खिलवाड़ : एक्सपायरी दवाईयां बांट रहा बाजार

**▶▶ सदर बाजार में एक मेडिकल स्टोर से मिली क्रिएटिव डिस्ट्रीब्यूटर अग्रवाल मार्किट से खरीदी एक्सपायर दवाई**

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** इस शहर में अंधेर नगरी तो प्रत्येक विभाग में मची हुई है। शिकायत कर दो तो सैटिंग-गैटिंग का खेल शुरू होने के अलावा कुछ नहीं होता। खुद जांच करने के नाम पर प्रत्येक विभाग जीरो दिखाई दे रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें जिला परिषद बाजार बाजार के क्रिएटिव डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा सदर बाजार के एक मेडिकल स्टोर जोकि एक प्रतिष्ठित डॉक्टर के बाहर खुला हुआ है, को 21 अगस्त 2026 यानि चार दिन पहले बेची गयी हैं, मगर आंख बंद करके मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले इसे आराम से बाजार में बेच रहे हैं। हरिद्वार की एक बड़ी कम्पनी की इस दवाई के बॉक्स पर बैच नम्बर, ईपीटी-018, मैन्यूफैक्चरिंग डेट - 05/2024 और एक्सपायरी डेट 4/2026 साफतौर पर अंकित है। महज 75 रुपये एमआरपी की लालच में जिला परिषद बाजार के उक्त दुकानदार का पर्चा भी सामने आया है और जिस मेडिकल स्टोर को यह दवाई दी गयी है वह भी कोई मामूली मेडिकल स्टोर नहीं है और न ही उक्त मेडिकल स्टोर अ प ा न ा ी बिल्डिंग में खुलवाने वाले डॉक्टर ही कोई मामूली डॉक्टर हैं। मगर हैरानी की बात यह है कि मेडिकल स्टोर संचालक का कहना है कि इधर दवाई आई और उधर बेच दी गयी, इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। वे उक्त कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर क्रिएटिव डिस्ट्रीब्यूटर अग्रवाल मार्किट से इस बात की शिकायत जरूरत करेंगे। कोई किसी से शिकायत करे या न करे मगर यह तय है कि चन्द रुपयों के लालच में मासूमों के साथ जो जानलेवा खिलवाड़ होता मिला है वह सचमुच माफ करने योग्य नहीं है, क्योंकि बच्चे हर किसी के होते हैं। ऐसे में ये खिलवाड़ साफतौर पर मामूली सी रकम कमाने के लिए बच्चों के साथ किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि अंधेर नगरी चौपट राजा में उक्त मामले में कोई कार्रवाई होती भी है या प्रत्येक कार्यों की तरह सबकुछ गोलमाल होता दिखाई देगा और बादस्तूर बाजारों में कभी वयस्कों के साथ तो कभी बच्चों के जीवन से ऐसे खिलवाड़ होते रहेंगे।


TAX INVOICE
CREATIVE DISTRIBUTORS
78-79, AGGARWAL MARKET, MUZAFFARNAGAR (U.P.)-251001
GSTIN NO. 09AMAPK4028Q1ZP
NAME OF BUYER (BILLED TO): M/S INDIAN MEDICAL STORE, 11/55 SADAR BAZAR, MUZAFFAR NAGAR
INVOICE NO. : G-4007
INVOICE DATE : 21.08.2026
GRAND TOTAL
BANK: AXIS BANK, MUZAFFARNAGAR, A/C NO.924030009271151




# पंखे के करंट से 30 साल के युवक की मौत

**तितावी, 25 अगस्त (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अलीपुर कला गांव में सोमवार की देर रात एक दुखद हादसा सामने आया है। यहां अपने घर में मौजूद 30 वर्षीय दीपक की पंखे में उतरे करंट की वजह से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात दीपक अपने घर के अंदर मौजूद था। इसी दौरान वह अचानक घर में लगे पंखे के संपर्क में आ गया, जिसमें कथित तौर पर बिजली का करंट उतर रहा था। पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 30 साल का युवक दीपक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के तुरंत बाद घर में पूरी तरह अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने दीपक को बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

दीपक को करंट लगने की जानकारी जैसे ही घर के लोगों को मिली, वे पूरी तरह घबरा गए। परिजनों ने आनन-फानन में दीपक को संभालने और बचाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक करंट की वजह से दीपक की हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी और बाद में उसकी मौत हो गई। करंट लगने से युवक की मौत होने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते पूरे परिवार में कोहराम मच गया। 30 वर्षीय दीपक की मौत की खबर जैसे ही अलीपुर कला गांव में फैली, आसपास के लोग भी तुरंत मौके पर जुटने लगे। गांव के तमाम निवासी पीड़ित परिवार के घर पहुंचने लगे। अचानक हुई इस मौत की वजह से पूरे परिवार में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस विभाग की तरफ से भी मामले का विवरण सामने आया। तितावी थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक दीपक की उम्र लगभग 30 वर्ष थी और वह शादीशुदा था। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 वर्षीय दीपक की अभी कोई संतान नहीं थी। थाना प्रभारी जयवीर सिंह के अनुसार, मृतक दीपक के पिता बबलू तितावी थाने में ही पीआरडी जवान के रूप में कार्यरत हैं। जवान बेटे दीपक की अचानक हुई दर्दनाक मौत से पिता बबलू और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। तितावी थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने जानकारी दी कि घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने जरूरी कार्रवाई की। हालांकि, मृतक दीपक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी के मुताबिक, परिजनों की इच्छा को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरने की कानूनी कार्रवाई पूरी की और दीपक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, परिजनों के निवेदन के आधार पर ही पंचनामा तैयार करके शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंपा गया है। 30 वर्षीय दीपक की इस तरह अचानक हुई मौत से पूरे अलीपुर कला गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। गांव के लोगों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।





# ईडी की रेड खत्म, 11 ठिकानों से 3.80 करोड़ बरामद

**▶▶ शाहनवाज राना की फर्म के जरिए जीएसटी चोरी मामले में कुछ और बड़ी मछलियां जांच के दायरे में**
**▶▶ प्रवर्तन निदेशालय की मामले में जब्त किए कागजातों के आधार पर अब समन भेजने की तैयारी**
**▶▶ फर्जी आईटीसी व ट्रांसपोर्ट कागज तैयार कर खजाने को 27.02 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया**

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** पूर्व विधायक शाहनवाज राना से जुड़ी फर्म जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे की सोमवार सुबह शुरू हुई कार्रवाई आज सुबह पूरी होने के बाद लखनऊ से आई टीमें लौट गईं। इस दौरान सभी ठिकानों से करीब 3.80 करोड़ रुपये नकदी बरामद की है। साथ ही तमाम ऐसे संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं जो लंबे समय से फर्जी बिलिंग के जरिये जीएसटी चोरी करने से संबंधित हैं। अब सभी आरोपियों को सितंबर माह के पहले सप्ताह में समन भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। इस दौरान जीएसटी चोरी के इस नेटवर्क में कुछ और फर्मों के जुड़े होने की जानकारी के आधार पर ईडी जांच कर रही है। जब्त किए दस्तावेजों की जांच के बाद ऐसी फर्मों पर भी शिकंजा कसना तय माना जा रहा है।

ईडी ने सोमवार को मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और फरीदाबाद में आरोपियों के 11 ठिकानों पर छापा मारा था। इनमें मुख्य रूप से पूर्व बसपा एमएलसी शाहनवाज राणा और उनके करीबी परिजन, स्टील कारोबारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि शामिल थे। ईडी की छापे की कार्रवाई करीब 24 घंटे बाद मंगलवार सुबह समाप्त हो गई। ईडी ने शाहनवाज राना आदि पर वर्ष 2024 में जीएसटी के छापे में पकड़ी गई टैक्स चोरी और एफआईआर के आधार पर कार्रवाई की। इसमें राना परिवार से जुड़ी फर्म जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड के अलावा कारोबारी संजय जैन, आकाश कुमार की फर्मों के अलावा पूर्व विधायक के सीएम और फरीदाबाद व गाजियाबाद की फर्में शामिल हैं। ईडी की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि जांच में सामने आया कि बिना कोई सामान लिए फर्जी बिल काटकर फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' लिया गया और उसे आगे बढ़ाया गया। इससे सरकारी खजाने को 27.02 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कंपनी ने फर्जी आईटीसी हासिल करने और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पहले से योजना बनाकर जाली बिल्टी (ट्रांसपोर्ट रसीदें) तैयार की थीं। वहीं कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान अस्तित्वहीन और फर्जी कंपनियों की एक चेन के जरिये लगभग 10.28 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी लिया और आगे बढ़ाया। इसका फायदा उठाने वाली फर्मों से मिले पैसे को उसी दिन ऐसी ही फर्जी कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया। बाद में उसे कई अकाउंट्स के जरिये डायवर्ट करने के बाद अंत में नकद निकाल लिया गया। छापे के दौरान ईडी ने दस्तावेजों का विश्लेषण करने के साथ आरोपियों के बयान भी दर्ज किए हैं। इससे सामने आया है कि फर्जी आईटीसी का नेटवर्क ऐसी कई अन्य यूनिट्स तक फैला हुआ है। ईडी बरामद दस्तावेजों और डिजिटल डिवाइस की गहनता से पड़ताल कर रहा है।




# रक्षाबन्धन से पहले हैवान बना भाई: दो बहनों की कर दी हत्या

**रुड़की, 25 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षाबंधन से ठीक पहले रुड़की में भाई-बहन के रिश्ते को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। बहनें जहां भाई की कलाई पर राखी बांधने की तैयारी कर रही थीं, वहीं भाई ने ही दोनों बहनों को गोलियों से भून दिया। त्योहार की तैयारी कर रहे परिवार में इस वारदात के बाद मातम पसर गया। वहीं, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटनाक्रम के अनुसार, मंगलवार शाम आरोपी भाई पहले प्रीत विहार में रह रही संगीता उर्फ शकुंतला (50) के यहां पहुंचा। करीब 7:20 बजे वह घर से कुछ दूरी पर सेक्टर रोड पर ई-रिक्शा से जा रही थी। इसी दौरान उसके भाई ने उस पर गोली चला दी। गोली पेट में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपी करीब दो किलोमीटर दूर करीब 20 मिनट के अंतराल पर सुभाषनगर पहुंचा, जहां उसकी दूसरी बहन पुष्पा (42) रहती थी। आरोपी के पहुंचने पर जैसे ही पुष्पा ने दरवाजा खोला, उसने उस पर भी गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर पुष्पा के पति संदीप बाहर आए तो आरोपी ने उन्हें भी कंधे में गोली मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बहनों को सिविल अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल संदीप का उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही गंगनहर कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव, सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ रुड़की ओसीन जोशी और एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने भी घटनास्थलों का निरीक्षण किया।



# एमडीए ने डॉ. सम्राट के हॉस्पिटल को जारी किया नोटिस

**दुष्कर्म पीड़िता के मामले में सील क्लीनिक का सामान निकालने वाला गिरफ्तार**

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली इलाके के गैंगरेप पीड़िता के मामले में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने डॉ. सम्राट के हॉस्पिटल को नोटिस जारी करते हुए उसके निर्माण एवं संचालन से जुड़े वैधानिक पहलुओं की जांच की कार्रवाई शुरू की है। इस बीच सील किए गए क्लीनिक का सामान निकालने को लेकर बीती रात हुए हंगामे के बाद आरोपी चौकीदार को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया।

शहर कोतवाली इलाके में रामलीला टीला की दलित किशोरी से गैंगरेप के मामले में आज भी पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई जारी रही। मामले में संलिप्तता पर डॉ. सम्राट के हॉस्पिटल को एमडीए द्वारा नोटिस जारी किया किया है। इसमें हॉस्पिटल के निर्माण एवं संचालन से संबंधित आवश्यक अनुमतियों और वैधानिक प्रावधानों की जांच की जा रही है। जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड स्थित सील अल्फा क्लीनिक से सामान निकाले जाने के मामले में बीती रात हिन्दू संगठन व भाजपा नेताओं ने हंगामे के बाद क्लीनिक का फ्लैक्स फाड़ने वाले युवक व सम्राट इंटर कॉलेज के चौकीदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग से गैंगरेप के मामले में गिरफ्तार डॉक्टर आदिल के क्लीनिक को चिकित्सा विभाग की टीम ने सील करा दिया था। पुलिस ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर क्लीनिक पर ताला लगा दिया था। देर रात हिन्दू संगठन के पदाधिकारी व भाजपा नेता रामलीला टिल्ला चौकी पर पहुंचे और हंगामा करते हुए आरोप लगाया था कि डॉक्टर पक्ष के कुछ लोगों ने सील क्लीनिक के पीछे के दरवाजे से सामान निकाला है। सूचना मिलते ही एसपी सिटी अमृत जैन व थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा भी मौके पर आ गए। पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया, लेकिन उससे सामान निकाले जाने की बात सामने नहीं आयी। पुलिस ने क्लीनिक पर लगे फ्लैक्स को फाड़ने वाले मिमलाना रोड निवासी कामरान को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सम्राट इंटर कॉलेज के चौकीदार नदीम निवासी मिमलाना रोड को गिरफ्तार किया गया है। वह बंद कॉलेज में चौकीदारी कर रहा था। आरोपी उसकी सहमति से पीड़िता को कॉलेज के भीतर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।



## अजय देवगन को लॉन्च करने वाले कुकू कोहली का निधन

**मुंबई, 25 अगस्त (एजेंसी)।** अजय देवगन को फिल्म फूल और कांटे से लॉन्च करने वाले वेटरन फिल्ममेकर कुकू कोहली का मंगलवार को 77 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुकू कोहली को हार्ट अटैक आया था। फिल्ममेकर अशोक पंडित ने इसकी पुष्टि की। अजय देवगन को फिल्म फूल और कांटे कुकू कोहली की भी डायरेक्टर के तौर पर पहली फिल्म थी। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। इसके बाद कुकू कोहली ने कोहराम, सुहाग, हकीकत और जुल्मी जैसी फिल्में बनाईं। कुकू कोहली ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत राज कपूर की फिल्म बॉबी में असिस्टेंट के तौर पर काम करके की थी।



# आशिक को मारने आए बदमाशों ने दूसरे युवक को मार-डाला

**1 संदिग्ध हालत में टोकने पर भागते बदमाशों से भिड़ गया था तसव्वर**

**2 गांव वालों ने 2 शूटरों को दबोचकर लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा किया**

**शामली, 25 अगस्त (एजेंसी)।** अवैध संबंधों के एक और मामले में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्यारे मारने सद्दाम को आए थे, लेकिन हत्या तसव्वर की कर दी। घटना के बाद तीन नकाबपोश बदमाशों को गांव वालों ने दबोच लिया। तीनों की लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। तभी एक बदमाश ने पिस्टल से युवक को गोली मार दी। पेट में गोली लगने से युवक गिर गया। मौका पाकर आरोपी बदमाश फरार हो गया।

मृतक की पहचान तसव्वर के रूप में हुई। सोमवार रात 10 बजे यह वारदात जिला मुख्यालय से करीब 22 किमी दूर कैराना के तीतरवाड़ा गांव की है। गांव निवासी सद्दाम का पास में रहने वाली एक शादीशुदा महिला से अवैध संबंध था। दोनों बराबर मिल रहे थे। इस बात की भनक महिला के पति बिलाल उर्फ बिल्लू को लग गई थी। इसलिए बिल्लू ने सद्दाम को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। बिल्लू ने सद्दाम की हत्या करने के लिए सोमवार रात करीब 10 बजे तीन शूटरों को गांव भेजा। पुलिस के मुताबिक, बिल्लू ने ही बदमाशों को सद्दाम की लोकेशन बताई थी। लिहाजा वो गांव के बीचो-बीच जाकर सड़क पर घात लगाकर खड़े हो गए। संदिग्ध रूप से खड़े तीन बदमाशों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। इस दौरान गांव का रहने वाला तसव्वर (35) भी आ गया। तसव्वर ने ईदगाह के पास तीनों बदमाशों को घेरा। एक शूटर को तसव्वर ने पकड़कर गिरा दिया। दोनों में मारपीट होने लगी। तभी शूटर ने पिस्टल से तसव्वर के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही तसव्वर गिर गया और बदमाश गन्ने के खेत में घुसकर फरार हो गया। दो बदमाश मुबारक और सोनित को लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पीटा। ग्रामीणों ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। तसव्वुर को लेकर कैराना सीएचसी पहुंचे। जहां मंगलवार सुबह करीब 4 बजे तसव्वर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। तसव्वर की शादी 6 साल पहले हुई थी। हत्या के बाद उसकी पत्नी और 4 बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। तसव्वर टाइल्स लगाने का काम करता था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बापौली निवासी मुबारिक और मंडावर निवासी सोनिज के रूप में हुई है। सद्दाम की हत्या के लिए शूटर भेजने वाले कैराना के मंसूरा निवासी बिलाल जेल जा चुका है। इसी दौरान सद्दाम का बिलाल के घर आना-जाना शुरू हो गया था। सद्दाम का बिलाल की पत्नी से अवैध संबंध हो गया था। करीब 6 महीने पहले वो जेल से बाहर आया तो उसे पत्नी और सद्दाम के साथ अवैध संबंधों की जानकारी हुई। झिंझाना के मंसूरा गांव के रहने वाले बिलाल उर्फ बिल्लू के कहने पर उसके तीन साथी तीतर वाड़ा गांव में सद्दाम को मारने के इरादे से पहुंचे थे। जहां मारपीट के दौरान तसव्वर को गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। बिलाल व उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।







# 60+ महिलाओं को रोडवेज बसों में मिलेगा मुफ्त सफर

**सीएम योगी 26 अगस्त को कर सकते हैं योजना का ऐलान**

**लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को अब रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 अगस्त को इस योजना की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने इस योजना के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना लागू होने के बाद इन महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में बिना किराया यात्रा की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए पहले ही बजट में प्रावधान कर दिया था। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा कराने के लिए निगम को प्रतिकर भुगतान हेतु 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। निशुल्क यात्रा के लिए उम्र के सत्यापन की व्यवस्था भी तैयार की जा रही है। पात्र महिला यात्री अपना आधार कार्ड दिखाकर अपनी उम्र प्रमाणित कर सकेंगी। परिचालक इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन (ईटीएम) में आधार संख्या दर्ज कर शून्य मूल्य का टिकट जारी करेंगे। सरकार के इस फैसले से बुजुर्ग महिलाओं को सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



# चरथावल-रोहाना मार्ग पर काली नदी पुल जर्जर

## - ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत की मांग की



**चरथावल, 250 अगस्त (बु.)।** चरथावल-रोहाना मार्ग पर गांव बधाई के पास काली नदी पर बना पुल जर्जर हालत में है। पुल पर जगह-जगह गड्ढे और दरारें हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को हादसे का डर सता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग ने अभी तक इसकी मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। स्थानीय नागरिक विकास कुमार ने बताया कि यह पुल अंग्रेजों के जमाने का काफी पुराना है। यह पुल लंबे समय से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का मुख्य साधन रहा है। इसकी जर्जर स्थिति भविष्य में गंभीर परिणाम दे सकती है। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र ने जानकारी दी कि पुल पर गड्ढे और दरारें लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते पुल का निरीक्षण और मरम्मत नहीं कराई गई, तो समस्या और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच कराने की मांग की। किसान मोहित चौधरी ने बताया कि चरथावल-रोहाना मार्ग एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस रास्ते से रोजाना बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग दिल्ली और हरियाणा की ओर जाने वाले क्षेत्रों को भी जोड़ता है, जिससे पुल की खराब हालत वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है, लेकिन इसकी गति धीमी है। उनका कहना है कि यदि पुल की स्थिति पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया और मरम्मत कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हादसे के बाद जिम्मेदारी तय करने के बजाय पहले ही एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पुल की तकनीकी जांच कराने, दरारों का आकलन करने और गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने चौड़ीकरण कार्य में भी तेजी लाने की अपील की है।






# जिला अस्पताल में बिजली गुल, पर्ची-पंजीकरण ठप; घंटों लाइन में खड़े रहे मरीज

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से अस्पताल की व्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित हो गईं। बिजली गुल होने के कारण मरीजों का पंजीकरण और पर्ची बनाने का काम पूरी तरह ठप हो गया। इलाज की उम्मीद में अस्पताल पहुंचे मरीजों और तीमारदारों को घंटों लाइन में खड़े होकर बिजली आने का इंतजार करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली नहीं होने के कारण पंजीकरण काउंटर पर पर्ची बनाने की प्रक्रिया रुक गई। इलाज कराने पहुंचे मरीजों को अस्पताल की शुरूआती प्रक्रिया पूरी करने में ही काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पर्ची नहीं बनने के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके तीमारदारों की भीड़ बढ़ती चली गई। बड़ी संख्या में लोग पंजीकरण काउंटर के बाहर लाइन में खड़े रहे और घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गर्मी के बीच लंबी प्रतीक्षा ने मरीजों की परेशानी और बढ़ा दी। कई मरीजों का कहना था कि इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने के बाद पर्ची बनवाने में ही घंटों लग रहे हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से पंजीकरण जैसी जरूरी व्यवस्था प्रभावित होने के बाद जिला अस्पताल की तैयारियों और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि बिजली जाने की स्थिति में पंजीकरण व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक इंतजाम होने चाहिए। फिलहाल अस्पताल में बिजली आपूर्ति बहाल होने का इंतजार है। बिजली आने के बाद पंजीकरण और पर्ची बनाने की व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है। हालांकि, बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह और उसे बहाल करने को लेकर अस्पताल प्रशासन की ओर से स्थिति स्पष्ट किया जाना बाकी है।

# राहुल गांधी ने नंगई दिखाने वाली एक्ट्रेस कृति सेनन का सपोर्ट किया



**नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसी)।** राखी के एड में नंगई दिखाने वाली रिलीविंग ड्रेस पहनने और कुत्ते को राखी बांधने पर विवादों में घिरी एक्ट्रेस कृति सेनन के सपोर्ट में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आ गए हैं। राहुल गांधी ने कृति सेनन का पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करके लिखा- महिलाओं के कपड़ों और जीवनशैली की ऑनलाइन पुलिसिंग यानी पहरेदारी नहीं करनी चाहिए। इस विज्ञापन पर एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनोत ने कहा- अपने भाई को बिकिनी या अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों बांधेंगी? आपके पास स्टाइलिंग के इतने विकल्प कहां गए? यह विज्ञापन जानबूझकर अजीब बनाया गया लगता है। लोगों ने इस एड पर त्योहार के गलत चित्रण और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाया। विवाद एक ज्वेलरी ब्रांड के रक्षाबंधन एड के बाद शुरू हुआ था। इसमें कृति इंडो-वेस्टर्न ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज में नजर आई थीं। वीडियो में वे भाई के अलावा पालतू कुत्ते को भी राखी बांधती दिखी थीं। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति का अपमान बताते हुए एक्ट्रेस के कपड़ों को लेकर नाराजगी जताई थी और शिकायत दर्ज करने की मांग की थी। कुछ यूजर्स ने इस एडवर्टाइजमेंट को हिंदू धर्म और त्योहारों के प्रति असंवेदनशील करार दिया। एक यूजर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार के गलत चित्रण और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक्ट्रेस के खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए।

# मंसूरपुर क्षेत्र में चोरों ने 5 ट्यूबवेल को बनाया निशाना





**मंसूरपुर, 25 अगस्त (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात बेखौफ चोरों ने गांव सोंटा के जंगलों में बड़े पैमाने पर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए किसानों की 5 ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। चोरों की इस हरकत से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने सोंटा के जंगलों में स्थित ट्यूबवेलों में घुसकर मोटरें खोल लीं। इसके बाद वे मोटरों से कॉपर का तार (तांबे की बाइंडिंग) और अन्य कीमती उपकरण निकालकर फरार हो गए। सुबह जब किसान खेतों पर सिंचाई के लिए पहुंचे, तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। उपकरण चोरी होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है, साथ ही फसलों की सिंचाई भी ठप हो गई है, जिन किसानों की ट्यूबवेल पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, उनमें सोंटा निवासी नीरज और ओमप्रकाश, तथा दुधाहेड़ी निवासी हरेंद्र, गौरव और कपिल शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित किसानों ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौका-मुआयना कर किसानों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार कर सामान बरामद करने की मांग की है।

# चरथावल चौकीदार हत्याकांड में दूसरे आरोपी को जमानत

**चरथावल, 25 अगस्त (बु.)।** चरथावल के स्कूल चौकीदार राजकुमार उर्फ राजू हत्याकांड में दूसरे आरोपी नितिन उर्फ नीतिश को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। इस मामले में मुख्य आरोपी मोहन को भी पहले ही हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी मोहन और उसके रिश्तेदार नितिन उर्फ नीतिश (निवासी तेजलहेड़ा, थाना छपार क्षेत्र) को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद नितिन ने उच्च न्यायालय में अपील की थी। नितिन की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि प्राथमिकी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की गई थी। पुलिस के पास परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के अलावा कोई ठोस सबूत नहीं है। बचाव पक्ष ने यह भी बताया कि मुख्य आरोपी मोहन (निवासी किसानपुर माजरा) को उच्च न्यायालय से 11 अगस्त को जमानत मिल चुकी है। नितिन लगभग तीन मई से जिला कारागार में बंद है। बचाव पक्ष की दलीलों और मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद उच्च न्यायालय ने नितिन उर्फ नीतिश की जमानत मंजूर कर ली।

# एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सीओ ऋषिका सिंह को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित




**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में सीओ ऋषिका सिंह भी शामिल रहीं। एसएसपी द्वारा स्वयं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किए जाने का यह दृश्य पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा और बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने वाला संदेश देता नजर आया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान सीओ ऋषिका सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किए जाने से यह साफ संदेश गया कि विभाग में अच्छे कार्य को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा, बल्कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को पहचान और प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुजफ्फरनगर पुलिस में यह पहल उन पुलिसकर्मियों के लिए भी संदेश है जो बिना सुर्खियों की परवाह किए अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# तेज रफ्तार बस ने गोवंश को मारी टक्कर, मौके पर मौत



**चरथावल, 25 अगस्त (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के बिरालसी गांव में सोमवार देर शाम करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार बस ने सड़क पर जा रहे गोवंश को टक्कर मार दी। इस हादसे में गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर बिरालसी चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और सड़क के बीच पड़े मृत गोवंश को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश बना रहा। पुलिस की देखरेख में मृत गोवंश के शव को दफनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। हादसे के बाद बस चालक मौके पर रुका या फरार हो गया, यह देर रात तक स्पष्ट नहीं हो सका था। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई थी। रात करीब 10 बजे तक गांव में घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा रही।

# सड़क दुर्घटना में दिवंगत होमगार्ड के परिवार को 40 लाख की बीमा राशि का चेक दिया



**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए होमगार्ड अर्जुन का पंजाब नेशनल बैंक में वेतन खाता था। इसमें खातेदार की असामयिक मृत्यु होने पर 40 लाख का बीमा उपलब्ध है। उनके परिवार को 40 लाख की बीमा धनराशि का चेक जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज प्रदान किया। उन्होंने परिवार वालों से कहा कि उक्त धनराशि का सदुपयोग करें और बेटी के नाम भी धनराशि जमा करें। उन्होंने बैंक को निर्देश दिए कि बीमा धनराशि में 20 लाख रुपए बच्ची के नाम से एफडी फिक्स कराना सुनिश्चित करें। अर्जुन का असामयिक निधन एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। उनके बीमा दावे के अंतर्गत 40 लाख की बीमा राशि उनकी माता श्रीमती मौसम देवी को प्रदान की गई। इस अवसर पर राजिंदर पाल, मंडल प्रमुख एवं आरएल दास उप मंडल प्रमुख ,पीएनबी बैंक तथा श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, जिला कमांडेंट, होमगार्ड्स, उपस्थित रहे।

# सादपुर में राजवाहे ने मचाई तबाही, अब डीएम से मदद की गुहार लगाई



**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** राजवाहे के पानी से जलमग्न हुए ग्राम सादपुर में पीड़ितों को आर्थिक सहायता व राजवाहे को सही करने अवैध कब्जे से मुक्त करने की मांग डीएम से की गई है। तहसील जानसठ के ग्राम सादपुर के किसानों ने डीएम को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि उनके खेतों से सिंचाई विभाग का रजवाहा निकला हुआ है। रजवाहे की पटरी बहुत कमजोर हो गयी है जो कभी भी टूट जाती है और ग्राम में पानी भर जाता है। 20 अगस्त को उपरोक्त राजवाहे की पटरी में भारी जल आने के कारण टूट गई और बरसात का पानी ग्राम सादपुर में करीब 4 फीट तक भर गया। इसमें दर्जनों ग्रामीणों के घरो में दरार आ गयी है तथा काफी लोगो के मकानों की दीवार गिर गयी। इनमें अनिल वाल्मिकी, संजय जाटव, महेन्द्र जाटव, अमरीश जाटव, सहेन्द्र जाटव, मनोज वाल्मिकी, मुकेश वाल्मिकी, कुल्दीप जाटव, सहेन्द्र जाटव आदि लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गये है। ग्रामवासियों की हजारों बीघा फसलें क्षतिग्रस्त हो गयी और बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये। उनका कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों और ग्राम प्रधान ने उनकी एक नहीं सुनी। अब उन्होंने राजबाहे की पटरी को तुरंत सही करते हुए, ग्राम में भरा हुआ पानी तुरंत निकलवाने और ग्रामीणों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु शासन स्तर से मदद दिलवाने की मांग डीएम से की है।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 26 अगस्त, 2026**

**मेष-** आज दिन 7/35 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

**वृषभ-** आज दिन 7/35 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि।

**मिथुन-** विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, यात्रा से लाभ, हर्ष।

**कर्क-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**सिंह-** आज दिन 7/35 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।

**कन्या-** आज दिन 7/35 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित।

**तुला-** व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**वृश्चिक-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

**धनु-** आज दिन 7/35 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

**मकर-** आज दिन 7/35 बजे तक अनुकूलता, योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में गतिरोध, इच्छित योजना अधूरी।

**कुम्भ-** समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

**मीन-** विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

# बेटे और बहू ही बने जान के दुश्मन

## बुजुर्ग ने डीएम दरबार में लगाई गुहार



**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** पुत्रों एवं पुत्रवधू द्वारा मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा प्रार्थी की भूमि पर किए गए कब्जे से भूमि का कब्जा वापस दिलाने एवं जान-माल की सुरक्षा को लेकर पीड़ित ने डीएम से शिकायत की है। ग्राम लुहसाना, थाना बुढ़ाना निवासी मदन गोपाल पुत्र सेवाराम ने डीएम को दी शिकायत में कहा है कि उसने 17 मार्च 2026 को जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर अपने पुत्रों एवं पुत्रवधू द्वारा उत्पीड़न की शिकायत करते हुए उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल किए जाने के संबंध में कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया था। इस पर कोई कार्रवाई ना होने के कारण अभी भी दोनों पुत्रों एवं पुत्रवधू द्वारा उसके साथ मारपीट कर उसे एवं उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी गई। इससे वह भयभीत है और उन्हें जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। उसने डीएम से अपनी एवं अपनी पत्नी श्रीमती शशिप्रभा की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने और उसकी भूमि पर किए गए कब्जे की जांच कराकर भूमि का कब्जा वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 14 नवयुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी को नवनियुक्त अभ्यर्थियों को दिये गये नियुक्ति-पत्र





**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** लखनऊ में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अध्यक्षता में आयोजित 3,446 प्राविधिक सहायकों एवं 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मन्त्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मन्त्री बलदेव सिंह औलख, प्रमख सचिव (कृषि) रविन्द्र कुमार, के द्वारा सम्बोधित किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मंगलवार को विकास भवन सभागार में विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल संजय कुमार राठी, मुख्य विकास अधिकारी, कंडाकर कमल किशोर देशभूषण, उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही व जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया एंव पटल प्रभारी संजय कुमार प्रधान सहायक के द्वारा संबोधन/ प्रसारण को सुना/ देखा गया। इसके पश्चात कृषि विभाग द्वारा 14 नवनियुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी को प्रशासक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल की अध्यक्षता में नियुक्ति-पत्र वितरण का कार्यक्रम किया गया तथा विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल संजय कुमार राठी, मुख्य विकास अधिकारी, कंडाकर कमल किशोर देशभूषण, उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही व जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, एंव पटल प्रभारी संजय कुमार प्रधान सहायक उपस्थित रहे है, जिसमें प्रशासक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल के द्वारा नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कृषि से सम्बन्धित कार्य करना एवं कृषकों को विभाग से सम्बन्धित समस्त संचालित योजनाओं का लाभ दिलवाना तथा विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, एवं जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल संजय कुमार राठी के द्वारा नवनियुक्त अभ्यर्थियों को लगन एवं महनत से ईमानदारी से कार्य करने लिये प्रेरित किया गया। अन्त में नवनियुक्त अभ्यर्थी चारू चौहान के द्वारा समस्त नवनियुक्त अभ्यर्थियों की और से आश्वासन दिया गया कि हम अपनी लगन एवं ईमानदारी के साथ क्षेत्र में रहकर कार्य करेंगे एवं जिले का नाम, उच्च स्थान प्रदान करायेंगे। अन्त में जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी 14 नवयुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी को शुभकामनायें और नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किये गये।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रदीप उर्फ सचिन मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में उठने-बैठने लगा है, इसलिए मैंने अपने पुत्र प्रदीप उर्फ सचिन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र प्रदीप उर्फ सचिन किसी प्रकार का कोई लेन-देन या गलत कार्य करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज के बाद हमारा प्रदीप उर्फ सचिन से कोई मतलब-वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

पप्पू पुत्र राम सिंह व
श्रीमती मुन्नी पत्नी पप्पू
पचेण्डा खुर्द, थाना-नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

# शिवसेना ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** जिला पूर्ति विभाग में राशन कार्ड बनाने और सदस्यों की यूनिट बढ़ाने के नाम पर कथित तौर पर अवैध वसूली की शिकायतों के आरोपों के विरोध में मंगलवार को शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया और जमकर विरोध जताया। प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा की अगुवाई में सैकड़ों शिवसेना कार्यकर्ता मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और जिला पूर्ति विभाग के काम करने के तरीके पर बड़े सवाल खड़े किए। शिवसेना के इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी कार्यालय पर हुए प्रदर्शन के दौरान शिवसेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी ने जिला पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर बहुत गंभीर आरोप लगाए। लोकेश सैनी का कहना था कि नया राशन कार्ड बनवाने और मौजूदा कार्ड में नए सदस्यों की यूनिट बढ़ाने के नाम पर आम जनता से कथित रूप से पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोगों से 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक की रकम वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। लोकेश सैनी ने आरोप लगाया कि विभाग के चक्कर काट रहे लोगों से सीधे तौर पर कहा जाता है कि 1500-2000 रुपये दो, राशन कार्ड बनवाओ, वरना चक्कर लगाते रहो। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के जिम्मेदार लोग नियमों को पूरी तरह ताक पर रखकर काम कर रहे हैं और अपात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। लोकेश सैनी का दावा है कि कुछ राशन विक्रेताओं के जरिए कुछ ऑडियो और वीडियो सामने आए हैं। शिवसेना ने मांग की है कि इन तमाम आरोपों की बिना किसी पक्षपात के पूरी जांच कराई जाए। शिवसेना नेताओं ने अपने आरोपों में यह भी कहा कि पिछले 90 दिनों से लेकर 100 दिनों के भीतर कुछ चुनिंदा राशन डीलरों की दुकानों पर अजीबोगरीब बदलाव देखे गए हैं। संगठन के अनुसार, पिछले 90 से 100 दिनों में इन खास दुकानों पर नए राशन कार्डों की संख्या और कार्डों में यूनिटों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। शिवसेना का दावा है कि इस तरह तेजी से जोड़े गए नामों में बड़ी संख्या ऐसे परिवारों की हो सकती है, जो सरकार द्वारा तय किए गए मानकों पर खरे नहीं उतरते और पूरी तरह अपात्र हैं। इस वजह से शिवसेना ने मांग रखी है कि पिछले कुछ महीनों में जितने भी नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं और जितनी भी यूनिटें बढ़ाई गई हैं, उन सबका कागजों और रिकॉर्ड के आधार पर सत्यापन किया जाए। साथ ही, हर घर जाकर जांच कराई जाए, ताकि नियमों के खिलाफ जाकर लाभ पाने वालों को पकड़ा जा सके और उन पर कानूनी कार्रवाई हो सके। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना के मंडल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने भी जिला पूर्ति विभाग की पोल खोली और गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड बांटने की व्यवस्था में ईमानदारी लाने और गरीब पात्र लोगों को उनके हक का सरकारी खाद्यान्न दिलाने के लिए संगठन अपनी लड़ाई आगे भी जारी रखेगा।

# एसडी डिग्री कॉलेज में छात्रों के साक्षात्कार एवं करियर संवाद का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** आईआईए आईवाईसी, मुजफ्फरनगर चैप्टर द्वारा एस.डी. डिग्री कॉलेज, भोपा रोड में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए इंटरव्यू एवं करियर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह "आईआईए कैंपस कनेक्ट श्रृंखला का पहला कार्यक्रम था। कार्यक्रम में उद्योग जगत से जुड़े सदस्यों ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें रोजगार, करियर और उद्योग की जरूरतों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पवन कुमार गोयल, राहुल मित्तल, राज शाह, प्रेरक जैन, समर्थ जैन, अमन गुप्ता, प्राचीर अरोरा, अर्णव अग्रवाल,अक्षत जैन एवं कार्तिक जलोत्रा उपस्थित रहे। इसके बाद उद्यमियों ने पास आउट एवं अंतिम वर्ष के छात्रों के इंटरव्यू लिए। इंटरव्यू के दौरान छात्रों के विषय ज्ञान, बातचीत करने की क्षमता, आत्मविश्वास, व्यावहारिक समझ और करियर की योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। छात्रों को बेहतर करियर के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में बताया गया कि आज के समय में केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है। नौकरी और उद्योग में सफलता के लिए विषय का ज्ञान, अच्छा संवाद, अनुशासन, टीम के साथ काम करने की क्षमता और व्यावहारिक जानकारी भी जरूरी है। आईआईए आईवाईसी मुजफ्फरनगर चैप्टर द्वारा "आईआईए कैंपस कनेक्ट के तहत अलग-अलग कॉलेजों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे गोदाम स्थित खसरा नंबर 2230 मोहल्ला जामिया नगर, जनपद मुजफ्फरनगर का मूल बैनामा ( चैन ) कहीं गुम हो गया है, जो बहुत तलाशने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है, जो दिनांक 09-07-2004 को बही संख्या -1, जिल्द 2183, पृष्ठ 345/358, क्रमांक 4664 पर दर्ज है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

मौ0 अतहर बैग पुत्र इश्तियाक अहमद
निवासी-296, साउथ खालापार,
मुजफ्फरनगर, M:.7983813058

# गांवों में जलभराव, एसडीएम ने कराई पानी की निकासी

**जानसठ, 25 अगस्त (बु.)।** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में पिछले दिनों हुई लगातार बरसात के कारण स्थिति बेहद खराब हो गई। क्षेत्र के गांव नंगला कबीर, कवाल, चितौड़ा, भलेड़ी, सादपुर और मकसूदाबाद सहित कई गांवों में जलभराव हो गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन और रोजमर्रा के कामों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए एसडीएम रश्मि लांबा ने तहसील की प्रशासनिक टीम के साथ प्रभावित गांवों का दौरा किया। समस्या की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने मौके पर ही जेसीबी मशीन मंगवाई और बंद पड़े रास्तों व नालों को खुलवाकर जल भराव की समस्या का तुरंत समाधान कराया। पानी की निकासी होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, कानूनगो विनोद शर्मा और ग्रामीण मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बुलेट ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल



**चरथावल, 25 अगस्त (बु.)।** कस्बे में रोहाना तिराहे के निकट गौतम रेस्टोरेंट के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग समेत बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चरथावल निवासी शमशाद पुत्र बलजोरा उम्र करीब 70 वर्ष, पैदल सड़क पार कर रहे थे।इसी दौरान तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल सवार पवन पुत्र कर्म सिंह, निवासी ग्राम नेनकी, थाना देवबंद ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में शमशाद और पवन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कस्बा चौकी प्रभारी आयुष्मान शर्मा एवं कांस्टेबल राहुल गिरी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:- 1020/E-Tender/P.W.D./NPP/2026-27 दिनांक:-25/08/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 52 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 10/09/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 27/08/2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 10/09/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 10/09/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए घोषणा

उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी पार्टियां सक्रिय हैं। सपा राम मन्दिर चन्दा चोरी के मुद्दे पर मुखर है, तो भाजपा जनहित की घोषणाएं कर रही है। अयोध्या में कुछ साधु सन्त चम्पत राय के विरुद्ध लामबन्द हो रहे हैं, तो उन्हें राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है। अन्य पार्टियां भी विभिन्न सम्मेलन आयोजित करके अपनी सक्रियता दिखा रही हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि अगले 6 महीने में 01 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। सीएम योगी ने यह घोषणा, लखनऊ में 3,446 प्राविधिक सहायकों एवं 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में की। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त कर रहा हूं कि सरकार अगले छह महीने के अंदर 01 लाख नौजवानों को सरकारी नियुक्ति अलग-अलग स्टेज में हर सप्ताह देने जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि पूरी पारदर्शी तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न हुई। आज के दिन में ऐसा करना एक चैलेंज है। उसमें भी बिना भेदभाव के आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्राप्त हो जाए, ये चुनौतीपूर्ण कार्य है। मुख्यमन्त्री योगी ने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि इस दौरान हमारी सरकार ने 9 लाख 30 हजार से अधिक उत्तर प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाने में सफलता प्राप्त की है और एक भी नियुक्ति पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। एक भी नियुक्ति पर कोई सवाल नहीं खड़े कर सकता है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि साल 2017 से पहले नियुक्ति का विज्ञापन निकलता था, तो चाचा-भतीजे की जोड़ी और महाभारत का खानदान वसूली के लिए प्रदेश भर में निकल जाता था। नौजवान भटकता रहता था, रिजल्ट नहीं आता था और अंत में कोर्ट को स्टे लगाना पड़ता था। समय और उम्र खराब होती थी युवाओं की। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि लोग मानते थे कि ये युवा किसी काम के नहीं हैं, क्योंकि इनके पास नौकरी नहीं थी। गलती युवाओं की नहीं, बल्कि आयोगों में बैठे भ्रष्ट लोगों और सरकारी तंत्र में बैठे राजनेताओं की थी। हम नकल माफिया की भी और विभिन्न संस्थानों में बैठे हुए माफिया की कमर को भी तोड़ेंगे और उसके आकाओं को भी जमीन-आसमान दिखाने का काम करेंगे। अखिलेश यादव अपनी ट्वीटर वाली शैली के लिये जाने जाते हैं, वे भी कटाक्ष के जरिये सक्रिय हैं। अखिलेश यादव ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि परिवारवाद के भी अपने फायदे हैं। अखिलेश यादव ने कहा था कि उनके परिवार के पांच लोग सांसद हैं और इस वजह से पार्टी में कभी कोई टूट नहीं हो सकती, ये परिवारवाद के फायदे हैं। अखिलेश यादव ने कहा था, क्या आपने कभी सोचा है कि पूरी पार्टी क्यों नहीं टूटी? क्योंकि एक ही परिवार से पांच एमपी हैं। हमारे पास कई मुस्लिम एमपी भी हैं और कुछ पक्के सोशलिस्ट भी हैं, इसलिए हमारी संख्या कम नहीं होगी। अखिलेश के इस बयान पर भी मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने पलटवार किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी परिवार के सिंडिकेट ही से चलती है। सीएम योगी ने कहा कि अखिलेश की बातों से पता चलता है कि पार्टी दूसरे सांसदों को बेकार समझती है और मानती है कि केवल एक परिवार के सदस्य ही उसके एमपी बन सकते हैं। सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस का मानना है कि केवल कांग्रेस का सम्मान किया जाना चाहिए, जबकि समाजवादी पार्टी का मानना है कि केवल उसके परिवार के सिंडिकेट का सम्मान किया जाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह परिवार का सिंडिकेट ऐसा है कि आपके शहर, इलाके, जिले या राज्य का कोई भी गुंडा खुद को विचारधारा के हिसाब से सपा के करीब पाता है। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं का काम गरीबों की जमीन पर कब्जा करना, व्यापारियों से पैसे ऐंठना और बेटियों की सुरक्षा से समझौता करना है। योगी ने इस दौरान कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस ने देश-समाज को बांटा, संविधान का गला घोंटा और फिर तुष्टिकरण की नीति पर चलकर विदेशी पैसे के बल पर भारत की सामाजिक एकता को खंडित करना चाहती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस भी सक्रिय दिखाई देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सरकार पर आक्रमण करते हुए भाजपा की हिंदुत्व व सामाजिक न्याय की छवि को चुनौती देने का प्रयास किया। दूसरी तरफ अयोध्या में, राम मन्दिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चम्पत राय के विरोधी गुट से जुड़े कुछ संत उनके विरुद्ध लामबन्द हो रहे हैं, वे बैठक कर रहे थे, लेकिन प्रस्तावित बैठक को लेकर अयोध्या में विवाद खड़ा हो गया है। संतों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस ने उनकी प्रस्तावित बैठक नहीं होने दी और रामायणम आश्रम में ताला लगवा दिया। संतों का यह भी आरोप है कि कुछ समय के लिए उन्हें आश्रम परिसर में नजरबंद रखा गया। बैठक में महंत, महामंडलेश्वर सहित कई संतों के शामिल होने की बात कही गई थी। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में संतों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया। संतों का आरोप है कि राम मन्दिर से जुड़े चढ़ावा प्रकरण में जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। संत समाज मुख्यमन्त्री योगी के नाम ज्ञापन सौंपने की भी तैयारी कर रहा है। संतों ने कहा कि वे रामलला का दर्शन कर चढ़ावे के कथित विवाद को लेकर भगवान श्रीराम से क्षमा मांगेंगे। संतों ने राम मन्दिर चढ़ावे के कथित घोटाले की उच्चस्तरीय जांच के साथ सीबीआई जांच की मांग उठाई। संतों के बैठक स्थल से मीडिया कर्मियों को बाहर किए जाने को लेकर भी संतों और पुलिस के बीच तनातनी की स्थिति बनी। पुलिस और एलआईयू की तैनाती से संतों में नाराजगी और बढ़ गई। विरोधी गुट के संतों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जल्द ही अयोध्या में एक लाख संतों की बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। संतों ने वर्तमान राम मन्दिर ट्रस्ट को भंग कर संत समाज की भागीदारी वाला नया ट्रस्ट गठित करने की मांग भी उठाई है।

# किसान मजदूर संगठन ने गन्ना भुगतान से लेकर जल जीवन मिशन तक कई मांगें उठाई

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** जिला पंचायत सभागार में किसान मजदूर संगठन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों की अलग-अलग समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। इस बैठक में किसानों और गांव के आम लोगों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह खुद इस बैठक में मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी में संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों और ग्रामीणों की परेशानियों को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने प्रमुखता से रखा। बैठक के दौरान कृषि, गन्ना आपूर्ति, पर्यावरण सुरक्षा और जल जीवन मिशन जैसे विषयों से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई। किसान मजदूर संगठन ने बैठक में साफ शब्दों में कहा कि किसानों को उनकी फसलों का भुगतान समय पर मिलना बेहद जरूरी है। इसके अलावा किसानों को समय पर अच्छी गुणवत्ता का खाद और बीज उपलब्ध कराया जाना चाहिए और सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ धरातल पर पहुंचना चाहिए। संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से मांग की कि वे केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि मौके पर जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और उसके बाद ही असरदार कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसान मजदूर संगठन ने मांग की कि क्षेत्र की सभी चीनी मिलों से किसानों को गन्ने का भुगतान हर हाल में 14 दिन के भीतर कराया जाए। पदाधिकारियों का कहना था कि यदि तय समय सीमा यानी 14 दिन में भुगतान नहीं किया जाता है, तो नियमानुसार किसानों को ब्याज के साथ उनके गन्ने का पैसा दिलवाया जाना चाहिए। किसान मजदूर संगठन ने अधिकारियों से कहा कि जिन छोटे किसानों के पास 50 से कम पर्चियां हैं, उन्हें गन्ने की आपूर्ति के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। गन्ना क्रय केंद्रों पर होने वाली घटतौली की शिकायतों को भी संगठन ने बेहद गंभीरता से लिया। बैठक में मांग की गई कि घटतौली को रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से एक विशेष टीम का गठन किया जाना चाहिए। किसानों की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए अधिकारियों के सामने एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग भी रखी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने आने वाले पेराई सत्र को समय से शुरू कराने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों को गन्ने की ट्रालियों के साथ लंबी-लंबी कतारों में न खड़ा होना पड़े, इसके लिए वहां पर्याप्त और उचित इंतजाम किए जाएं। बैठक में किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर लोकेश राणा की ओर से कृषि अधिकारी को एक पत्र दिया गया। इस पत्र में मांग की गई कि किसानों को बोआई के समय पर ही गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज मिलना सुनिश्चित किया जाए। जिलाध्यक्ष ठाकुर लोकेश राणा ने पत्र में बताया कि क्षेत्र के किसानों को डीएपी और यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही बीज की गुणवत्ता को लेकर भी किसान परेशान हैं।

बैठक के अंत में किसान मजदूर संगठन ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल कागजों पर काम करने के बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लें। संगठन ने जोर देकर कहा कि गन्ना भुगतान, खाद-बीज, घटतौली, नदियों के प्रदूषण, जल जीवन मिशन और सिंचाई से जुड़ी सभी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए।











# शैलेन्द्र विश्कर्मा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** शिवसेना / क्रांतिसेना से पिछले 30 वर्षो से जुड़े शैलेन्द्र विश्कर्मा की 19 अगस्त को ट्रेन से गिरने से हुई मौत के बाद आज गाँधी वाटिका में आयोजित शोक सभा में भारी जनसमूह ने उन्हें भावभानी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शिवसेना वेस्ट यूपी प्रमुख व क्रांतिसेना के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि शैलेन्द्र विश्कर्मा पार्टी कार्यकर्ता होने के साथ साथ सभी के परिवारिक सदस्य की तरह था, उसका जाना पार्टी के लिए बेहद कष्टकारी है। उनके अविवाहित रहकर पार्टी के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जायेगा। शैलेन्द्र विश्कर्मा के निधन पर शिवसेना नेता व उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र आदरणीय एकनाथ शिंदे जी, राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के अलावा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद संजीव बालियान, उत्तरप्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिलदेव अग्रवाल,सपा के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही, शरद गोयल, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, लोकदल नेता संजय राठी, सहकारी बैंक डायरेक्टर हरेंद्र शर्मा, विहिप नेता सचिन सिंघल, हिन्दू शक्ति संघठन अध्यक्ष संजय अरोरा, शिवाजी सेना अध्यक्ष अर्चित आर्य, शिवसेना प्रदेश सचिव राजकुमार गिरी, क्रांतिसेना जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, महिला मोर्चा जिला पूनम चौधरी, शिवसेना महिला मोर्चा की पूनम चौधरी, शिवसेना मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष गुड्डू सैनी, पूर्व बार संघ महासचिव अरुण शर्मा एड, बिजनौर शिवसेना जिलाप्रमुख चौधरी वीर सिंह, बुलंदशहर जिला प्रमुख सर्वेश राणा,संजय सक्सेना, व्यापारी नेता सचिन जैन, हिन्दू मोर्चा संस्थापक मनोज सैनी व डॉ. योगेंद्र शर्मा, सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों शिवसेना की सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता और मातृशक्ति की उपस्थिति रही। शोक सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, शिवसेना जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा, जिला महासचिव देवेंद्र चौहान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने निभाया भाई का फर्ज, बहनों से बंधवाया रक्षा सूत्र

**शाहपुर, 25 अगस्त (बु.)।** एकल अभियान ग्राम संगठन महिला विभाग की ओर से थाना शाहपुर परिसर में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग की दर्जनों बहनों ने थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह सहित पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन संच प्रशिक्षक शाहपुर ज्योति, कार्यक्रम प्रभारी महिला समिति सरिता एवं कार्यक्रम संयोजक संघ समिति भंवर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने भी बहनों के इस स्नेह को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी धर्मबहनों को भेंट स्वरूप 500-500 रुपये प्रदान किए तथा जलपान भी कराया। रक्षासूत्र बंधवाने के दौरान थाना परिसर में भाई-बहन के प्रेम, सम्मान और आत्मीयता का भाव देखने को मिला। महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पलड़ी ग्राम प्रधान मोनू सैनी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एकल अभियान अंचल लक्ष्मीनगर की संच प्रशिक्षक ज्योति, बुढ़ाना संच प्रशिक्षक राखी, कमलपुर आचार्य अनु, आदमपुर डिम्पल, मुबारिकपुर भावना, शाहडब्बर प्रीति, धनायन अंजू, बसीकला रूपा, पलड़ा दीपांशी, मदीनपुर आकांक्षा, ढिंढावली प्रीति, सोरम मीनू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। ग्राम प्रधान मोनू सैनी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर पुलिस और समाज के बीच भाईचारे, विश्वास एवं अपनत्व की भावना को और मजबूत किया।






राजमंदिर बैंक्वेट हॉल
विवाह, रिंग- सेरेमनी, सगाई,
रिसेप्शन, बर्थ-डे व अन्य कार्यक्रम
नोटः- भजन संध्या, तेरहवीं व मीटिंग के लिये सेवा शुल्क रुपये 31,000/- मात्र
पताः- भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्रः- 9837138610, 8433174678, 9307139968

### चार तीर

सुनील उत्सव

'पर्चा' 'राजनीति' 'जाहिल' 'नेता'

उसने दिया जो पर्चा वही इसने पढ़ दिया,  
ऐ राजनीति क्या तेरी ऐसी ही शक्ल है?  
जाहिल को नेता करने में,नेता निकल गये,  
ऐ राजनीति क्या तेरी ऐसी ही शक्ल है?

# गड्ढ़े में गिरकर गोवंश घायल

**खतौली, 25 अगस्त (बु.)।** बुआड़ा रोड स्थित बड़े गड्ढे में गिरने से एक गौवंश घायल हो गया। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल राजपूत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने रस्सी की मदद से काफी मशक्कत के बाद घायल गौवंश को गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकलवाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वहीं, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (डीवाईसीवीओ) खतौली डॉ. संजीव चौधरी भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल गो वंश का उपचार कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉ. संजीव चौधरी और उनकी टीम सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवारा एवं घायल गो वंश का उपचार करती है। आवारा पशुओं को पकड़कर उनका इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन टीम दिन-रात मेहनत और लगन से कार्य कर रही है। कई बार उपचार के दौरान पशुओं के आक्रामक होने का खतरा भी रहता है, इसके बावजूद टीम अपनी जान जोखिम में डालकर घायल गो वंश की मदद करती है। टीम का प्रयास रहता है कि उपचार के बाद गौवंश जल्द स्वस्थ हो सके।

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर का शानदार परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम होता है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम ने विभाग के विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन को एक बार फिर प्रदर्शित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह सफलता उनके भविष्य की एक मजबूत नींव है। बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणाम में अंतरा गुप्ता एवं निशिका तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। आस्था जैन ने 85.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि आदित्य मित्तल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर बीबीए विभाग की डॉ. संगीता गुप्ता, दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, राहुल शर्मा, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# फ्रिज लगाने के नाम पर भाजपा नेता समेत चार दुकानदारों से ठगी करने वाला युवक फरार

**खतौली, 25 अगस्त (बु.)।** फ्रिज लगाने के नाम पर भाजपा नेता समेत चार दुकानदारों से ठगी करने वाला युवक फरार। डेयरी मिल्क का एजेंट बनकर सिक्योरिटी के नाम पर ऐंठे रुपये, रकम लेने के बाद मोबाइल बंद किया दुकान पर डेयरी मिल्क कंपनी का फ्रिज लगवाने का झांसा देकर भाजपा नेता समेत कई दुकानदारों से रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को डेयरी मिल्क चॉकलेट कंपनी का एजेंट बताते हुए फ्रिज लगाने की बात कही और सिक्योरिटी के नाम पर अलग-अलग दुकानदारों से रकम ले ली। रुपये लेने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। मामले में पीड़ित भाजपा नेता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आर्यपुरी, फलावदा रोड भूड़ निवासी भाजपा नेता सुनील उपाध्याय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अगस्त को एक व्यक्ति उनकी दुकान पर पहुंचा। उसने खुद को डेयरी मिल्क कंपनी का एजेंट बताया और दुकान पर कंपनी का फ्रिज लगाने की बात कही। आरोपी ने फ्रिज की सिक्योरिटी के नाम पर उनसे 2,800 रुपये लिए और उसी शाम फ्रिज पहुंचाने का भरोसा दिया। रकम लेने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। कई बार फोन करने के बावजूद उससे संपर्क नहीं हो सका। सुनील उपाध्याय के मुताबिक, आरोपी की तस्वीर और उसकी गतिविधियां दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामले की फुटेज सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद अन्य दुकानदार भी सामने आए। आरोप है कि आरोपी ने केके पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले प्रमोद कुमार से 1,000 रुपये, कैलावड़ा कांटा के निकट निवासी सुनील सैनी से 2,500 रुपये और श्रीराम मार्केट निवासी पूर्व लेखपाल चंद्रपाल सिंह से 2,500 रुपये लिए हैं। महमूदपुर निवासी शाहिद उर्फ बबलू से आधार कार्ड लेकर रुपये मांगने की बात भी सामने आई है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी ने कंपनी का एजेंट बनकर विश्वास में लिया और फ्रिज लगाने के नाम पर रकम वसूली। पुलिस से सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बाइक सवार युवकों ने किया धारदार हथियारों से हमला

**खतौली, 25 अगस्त (बु.)।** सीताशरण इंटर कॉलेज के मैदान में देर शाम घूमने गए बड़ा बाजार निवासी दिनेश कुमार पर बाइक सवार युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दिनेश कुमार के शरीर पर कई चोटें आईं। घटना के बाद पुलिस को आता देख आरोपी अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार रोजाना शाम करीब 6 बजे जमुना विहार स्थित सीता शरण इंटर कॉलेज के ग्राउंड में घूमने जाते हैं। मंगलवार देर शाम वह मैदान में घूम रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और बिना किसी कहासुनी के उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दिनेश के अनुसार हमले में उनके शरीर पर कई घाव हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और उसके नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। घायल दिनेश कुमार को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। दिनेश कुमार ने आशंका जताई कि आरोपी बड़ा बाजार स्थित अंडरपास की ओर से किसी घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है।





# विधायक राजपाल बालियान के अथक प्रयास से,8 नई सड़कों को मिली मंजूरी

**- पहाड़न माता वाला मार्ग शाहपुर के लिए बाईपास की भूमिका निभाएगाः हाजी अकरम**

**शाहपुर, 25 अगस्त (बुस.)।** बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं रालोद विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान के अथक प्रयास रंग लाए हैं। मुख्यमंत्री ग्राम योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में 8 महत्वपूर्ण नई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। सड़कों की स्वीकृति की खबर से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इनमें शाहपुर के लिए पहाड़न माता वाले मार्ग को बड़ी सौगात माना जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण के लिए विधायक राजपाल बालियान ने करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसमें से 59 लाख रुपये की पहली किस्त शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गई है। इस मार्ग के बनने से पहाड़न माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जनता को भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही यह मार्ग शाहपुर के लिए बाईपास के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे कस्बे में यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है। विधायक राजपाल बालियान के प्रयास से इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के सात अन्य महत्वपूर्ण मार्गों के लिए भी करोड़ों रुपये की स्वीकृति कराई गई है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। सड़कों की स्वीकृति पर शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम कुरेशी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, नामित सभासद कपिल सैनी, अभिषेक चौधरी सहित अन्य सभासद व गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए विधायक राजपाल बालियान का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही सड़क संबंधी मांगों को शासन तक पहुंचाकर स्वीकृति दिलाना विधायक के विकास के प्रति समर्पण को दशार्ता है। जनता ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास कार्यों को इसी गति से आगे बढ़ाया जाएगा।

# स्वाइन फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

**लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसी)।** डिप्टी सीएम ने स्वाइन फ्लू को लेकर सभी अस्पतालों को अलर्ट किया है। जांच व दवाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी अभी तक अस्पतालों में सैंपल कलेक्शन व वार्ड तक नहीं बना है। अफसर आदेश आने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीज को सामान्य वायरल मानकर डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। कई स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा तक नहीं है। इसे लेकर बुधवार को कई अस्पतालों की जांच की गई तो किसी भी केंद्र पर नमूना संग्रह नहीं किया जाता मिला।

## मोनिका चौहान ने तहसीलदार का पद संभाला

**जानसठ, 25 अगस्त (बु.)।** नवागंत तहसीलदार मोनिका चौहान ने तहसील में अपना कार्यभार संभाला। तहसील मुख्यालय स्थित कार्यालय पहुंचने पर एसडीएम रश्मि लांबा ने नवागंतुक तहसीलदार का स्वागत किया और उन्हें नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कार्यालय में मौजूद नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने भी नवागंतुक तहसीलदार को बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद तहसीलदार मोनिका चौहान ने कहा कि शासन के आदेशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। तहसील में आने वाले हर पीड़ित की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समय से न्याय दिलाना उनकी सबसे पहली प्राथमिकता होगी।

# पंचायत में उठीं ग्रामीण क्षेत्रों की जनसमस्याएं, अधिकारियों ने दिया समाधान का आश्वासन

**चरथावल, 25 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम बलवाखेड़ी में भारतीय किसान यूनियन सेवक अराजनीतिक की ओर से संगठन विस्तार और गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में एसडीएम सदर, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, एसडीओ थानाभवन और चरथावल थाना प्रभारी ग्रामीणों के बीच पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं और समाधान की मांग की। एसडीएम सदर को दिए ज्ञापन में बलवाखेड़ी से क्यामपुर तक सड़क निर्माण, बलवाखेड़ी महाड़ी पुल से किड्स हेवन पब्लिक स्कूल तक सड़क बनवाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की व्यवस्था करने तथा ग्राम सचिवालय में सप्ताह में एक दिन लोकपाल के बैठने की मांग की गई। इसके अलावा गांव के पश्चिम में निकासी के लिए बने नाले की खुदाई, बलवाखेड़ी-दुधली मार्ग की अधूरी सड़क पूरी कराने की मांग उठाई गई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में छोटी-मोटी कहासुनी और विवादों का समाधान जिम्मेदार लोगों के माध्यम से कराया जाए, ताकि ग्रामीण अनावश्यक मुकदमेबाजी से बच सकें। बिजली विभाग द्वारा बिना जानकारी के एक किलोवाट के कनेक्शन को दो और दो किलोवाट को तीन किलोवाट किए जाने की जांच की मांग भी की गई। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया पंचायत में संगठन का विस्तार करते हुए ठाकुर अंकुर राणा को जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, ठाकुर धीरज राणा को जिला महामंत्री युवा, सतीश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष, ठाकुर सुभाष राणा को ग्राम अध्यक्ष, विकास सिंह को ग्राम उपाध्यक्ष और राहुल सिंह को ग्राम सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पंचायत की अध्यक्षता राकेश बाबा और संचालन ठाकुर रामभुल ने किया। इस दौरान प्रशांत राणा, अजमल पुंडीर, गय्यूर अली, ठाकुर शोभित पुंडीर, नेत्रपाल सिंह, ठाकुर गौतम कुशवाहा समेत संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।



# एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने डीएम और डीआईओएस के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**- कलेक्ट्रेट पहुंचकर छात्राओं ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव को बांधा रक्षा सूत्र**

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बुस.)।** रक्षाबंधन के अवसर पर एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पारंपरिक उत्साह और भाई-बहन के स्नेह की भावना के साथ पर्व मनाया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें रक्षाबंधन की बधाई दी। इस दौरान छात्राओं ने जिलाधिकारी को रक्षा सूत्र बांधकर इस पवित्र त्यौहार की परंपरा को समर्पित प्रेम भाव का संदेश दिया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व के उपलक्ष में विद्यालय के बच्चों ने आज प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सकों के साथ पर्व मनाकर उत्साह का अनुभव किया। छात्राओं ने रक्षा सूत्र बांधते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्नेह और आशीर्वाद देते हुए रक्षाबंधन के महत्व को समझाया। इसके बाद एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव के कार्यालय पहुंचे। यहां छात्राओं ने उन्हें भी रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही गुप्ता नर्सिंग पहुंचे बच्चों ने वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनीष अग्रवाल को भी रक्षाबंधन पर राखी बांधकर स्नेह पाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने इस अवसर पर अपने संदेश में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सम्मान, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाना उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा। ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने के साथ-साथ समाज में आपसी सम्मान और स्नेह की भावना को भी मजबूत करते हैं। विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के पारंपरिक स्वरूप को जीवंत करते हुए प्रेम, सम्मान और सुरक्षा के बंधन का संदेश दिया।



# बुढ़ाना-कांधला मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, नौवीं के छात्र देवांश की मौत







**बुढ़ाना, 25 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र कांधला मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में नौवीं कक्षा के छात्र देवांश की मौत हो गई। वह दयानंद हायर सैकेंड्री स्कूल का छात्र था और तमेला गढ़ी निवासी अरविंद का पुत्र था। यह हादसा क्राउन स्कूल के पास हुआ। बताया गया कि देवांश मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान एक वाहन का टायर अचानक फट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर देवांश की मोटरसाइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवांश उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही देवांश ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल वाहन तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। परिवार का कहना है कि वे इस घटना से गहरे सदमे में हैं। इस हादसे के बाद नाबालिग छात्रों के मोटरसाइकिल से स्कूल आने-जाने के मुद्दे पर सवाल उठने लगे हैं। अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी को लेकर भी चर्चा हो रही है। लोगों का मानना है कि यदि नाबालिग छात्र स्कूल आने-जाने के लिए साइकिल या बस का उपयोग करें, तो ऐसे हादसों का खतरा कम हो सकता है।

## स्क्रैप-लोहे की नौ फर्जी फर्मों पर एसजीएसटी का छापा, 390 करोड़ रुपये की बोगस सप्लाई पकड़ी

**कानपुर, 25 अगस्त (एजेंसी)।** राज्य कर विभाग (एसजीएसटी) कानपुर के 30 से ज्यादा अफसरों की नौ टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोहा, स्क्रैप से जुड़ी नौ फर्जी फर्मों पर छापा मारा। जांच के दौरान 390 करोड़ रुपये की बोगस सप्लाई और 72.12 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का खुलासा हुआ। आठ फर्मों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर के लिए तहरीर दी गई है। इन सभी फर्मों ने सेंट्रल जीएसटी का पंजीकरण ले रखा था। एक फर्म ने 25 दिन पहले पंजीकरण कराया था। और दो करोड़ का लेन-देन कर डाला। छापेमारी में कई फर्में अस्तित्वहीन पाई गईं। ये फर्में केवल कागजों पर व्यापार दिखा रही थीं। कुछ व्यक्तियों को तो यह भी जानकारी नहीं थी कि उनके नाम पर जीएसटी पंजीयन लिया गया है। फर्जी दस्तावेज के आधार पर आठ फर्मों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान मौके पर ही 1.34 करोड़ रुपये की आईटीसी ब्लॉक की गई। ये कार्रवाई संयुक्त रूप से एडीशनल कमिश्नर सान्या छाबड़ा ,कार्यवाहक एडीशनल कमिश्नर कुमार आनंद और एडीशनल कमिश्नर (एसआईबी) प्रशांत कुमार के निर्देशन में की गई। शैलेष गोस्वामी नामक फर्म ने सर्वाधिक 19.14 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी पास की थी। विभाग इन फर्जी फर्मों से जुड़ी अन्य फर्मों का डाटा विश्लेषण कर रहा है। फर्जी आईटीसी के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पंजीकरण निरस्त करने के लिए सीजीएसटी के अफसरों को पत्र भेजा गया है।

# 26 साल पुराने माड़ी सोना कांड की जांच को पहुंचे पूर्व डीजीपी विजय कुमार







**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के माड़ी गांव में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विजय कुमार ने वर्ष 2000 में चर्चित रहे माड़ी सोना कांड से जुड़े स्थल का निरीक्षण किया और पूरे प्रकरण से संबंधित पुराने तथ्यों व साक्ष्यों की पड़ताल की।पूर्व डीजीपी ने उस खेत का बारीकी से जायजा लिया, जहां करीब 1 जुलाई 2000 को खुदाई के दौरान मिट्टी के बर्तनों (करवों) के साथ कथित रूप से सोना मिलने का मामला सामने आया था। निरीक्षण के दौरान खेत से मिले मिट्टी के बर्तनों और अन्य अवशेषों की भी गहनता से जांच की गई। पूर्व डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। निरीक्षण के दौरान सीओ फुगाना नरेंद्र यादव एवं बघरा चौकी प्रभारी अमित चौधरी भी पूर्व DGP विजय कुमार के साथ मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर हवाई फायरिंग का वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक बंदूक से हवाई फायरिंग करता हुआ नजर आ रहा है। वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लेकर युवक की



तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष जैन निवासी कृष्णापुरी ने कई वर्ष पहले अपने दादा की लाइसेंसी बंदूक जो कि वर्तमान में उसके ताऊ के नाम पर है। उससे हवाई फायरिंग की थी। फायरिंग की वीडियो को उसने सोशल मीडिया एकाउंट इस्टाग्राम पर अपलोड किया था। पुलिस ने आयुष जैन को गिरफ्तार कर बंदूक को जब्त कर लिया है।

# पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज, दौड़ाकर पीटा:पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल

### वाटर कैनन चली, सीआरपीएफ से झड़प; टीआरई -4 एग्जाम में बदलाव की मांग

**पटना, 25 अगस्त (एजेंसी)।** बीपीएससी टीआरई-4 में पीटी-मेन, नेगेटिव मार्किंग हटाने और 100% डोमिसाइल की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में छात्रों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन के छात्र सीएम हाउस का घेराव करने निकले। छात्रों को रोकने के लिए जेपी गोलंबर पर पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ जवानों को भी तैनात किया गया, लेकिन छात्र बैरिकेडिंग तोड़ते हुए डाकबंगला पहुंच गए। इस दौरान छात्रों की सीआरपीएफ जवानों के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन के दौरान एक छात्र का सिर फट गया, जबकि एक छात्रा बेहोश हो गई। पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की बौछार के बीच प्रदर्शन कर रहे छात्र शैंपू लगाकर नहाते भी दिखे। कुछ छात्रों ने पुलिस की ओर पत्थरबाजी भी की, जिसमें टाउन ऊढ कामाख्या नारायण सिंह घायल हो गए। कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है। हालात बिगड़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज



कर दिया। कुछ छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया है। छात्रों के प्रदर्शन के बीच बख्तरबंद गाड़ी भी बुलाई गई। इस गाड़ी का इस्तेमाल आमतौर पर नक्सल प्रभावित इलाकों में किया जाता है। पटना के गर्दनीबाग में छात्र 18 अगस्त से धरने पर बैठे हैं।

## जिस वंदे भारत में सफर कर रही थीं यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उस पर हुआ पथराव

**मुंबई, 25 अगस्त (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई से गुजरात के अहमदाबाद जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर सूरत के उतरान रेलवे स्टेशन के पास पथराव की घटना हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी इसी ट्रेन में सफर कर रही थीं। वडोदरा मंडल के पुलिस अधीक्षक अभय सोनी ने बताया कि जीआरपी की पैदल गश्ती टीम ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसकी बैग की तलाशी लेने पर उसमें पत्थर मिले। पूछताछ में उसने कथित तौर पर बताया कि वह एक कुत्ते पर पत्थर फेंक रहा था। पुलिस के अनुसार, उसने इससे पहले गुजर रही एक मालगाड़ी पर भी कथित तौर पर पथराव किया था। अधिकारी ने कहा कि व्यक्ति थोड़ा मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता है और शुरुआती जांच में घटना के पीछे किसी साजिश या जानबूझकर निशाना बनाने का संकेत नहीं मिला है। अधिकारी ने बताया कि पत्थर ट्रेन के उस डिब्बे पर नहीं लगा, जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बैठी थीं। जिस कोच पर पत्थर लगा, वह उनके कोच से काफी दूर था। घटना में शीशे पर केवल मामूली खरोंच आई है और किसी को चोट नहीं लगी। उतरान पुलिस और रेलवे अधिकारी मामले में आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

# यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला: संतान देखभाल न करें तो संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे बुजुर्ग

**लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसी)।** योगी कैबिनेट ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 में संशोधन करते हुए नियम 22 में 22क, 22ख और 22ग जोड़ने का निर्णय लिया है। नए प्रावधानों के तहत मां-बाप अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। इसके लिए बेदखली की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। यदि किसी भी वरिष्ठ नागरिक की संतान या उनके अन्य आश्रित रिश्तेदार उनका भरण-पोषण नहीं कर रहे हैं अथवा उनके साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार कर रहे हैं तो पीड़ित बुजुर्ग उन्हें अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों को इस व्यवस्था का लाभ आसानी से मिल सके, इसके लिए बेदखली की प्रक्रिया को तय और स्पष्ट और समयबद्ध बनाया गया है। साथ ही, जल्द ही सरकार एक टोल नंबर भी जारी करेगी ताकि यदि कोई वरिष्ठ नागरिक स्वयं जाकर शिकायत करने में सक्षम न हो, तो उसे आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। नए प्रावधानों के अनुसार ऐसे मामलों में जिला मजिस्ट्रेट के पास शिकायत की जा सकेगी और उन्हें इस प्रकार के सभी मामलों की मासिक रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। शिकायतों की सुनवाई 30 दिन के अंदर की जाएगी, ताकि बुजुर्गों को न्याय के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े। सरकार द्वारा किए गए इस बदलाव का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके अधिकारों की रक्षा करना और उनके साथ होने वाले अत्याचार एवं दुर्व्यवहार में कमी लाना है। साथ ही, यह व्यवस्था परिवार के सदस्यों को अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल और उनके सम्मान के प्रति प्रेरित करेगी।

## दो महिला नशा तस्कर पांच किलो 894 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

**बुढ़ाना, 25 अगस्त (बु.)।** पानीपत के एसपी भूपेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में पानीपत पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सीआईए श्री पुलिस ने सनौली रोड पर नाम चर्चा घर के पास दो महिला नशा तस्करों को 5 किलो 894 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी महिलाओं की पहचान रुकसाना निवासी बुढ़ाना मुजफ्फरनगर यूपी व रानी निवासी अमन विहार कॉलोनी मंगोलपुरी दिल्ली के रूप में हुई है। सीआईए श्री प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि उनकी टीम बीती सोमवार को गश्त के दौरान छाजपुर गांव के अड्डे पर थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की यूपी व दिल्ली निवासी दो महिलाएं मिलकर नशा बेचने का अवैध काम करती है। दोनों महिलाएं एक प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ लेकर सनौली रोड पर नाम चर्चा घर के पास खड़ी हैं। पुलिस टीम ने महिला सिपाही अंकिता को साथ लेकर मौके पर दबिश दी और नाम चर्चा घर के पास खड़ी दोनों महिलाओं को एक प्लास्टिक के कट्टे समेत दबोचा। पूछताछ में दोनों ने अपनी पहचान रुकसाना पत्नी इसरार निवासी बुढ़ाना मुजफ्फरनगर यूपी व दूसरी ने अपनी पहचान रानी पत्नी प्रवीन निवासी अमन विहार कॉलोनी मंगोलपुरी दिल्ली के रूप में बताई। पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ योगिंद्र मान की मौजूदगी में नियमानुसार महिलाओं के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो काफी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 5 किलो 894 ग्राम पाया गया।

## दो महीने बाद 17वीं बार पैरोल-फरलो पर फिर जेल से बाहर आया राम रहीम

**रोहतक, 25 अगस्त (एजेंसी)।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर जेल से बाहर आ गया है। उसकी 21 दिन की फरलो मंजूर हुई है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजकर 5 मिनट पर वह रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर निकला। उसके काफिले में दो लैंड क्रूजर, दो फॉर्च्यूनर, दो इनोवा और दो पुलिस एस्कॉर्ट वाहन शामिल थे। सुबह करीब 8 बजे वह सिरसा स्थित डेरे में पहुंचा। राम रहीम को अगस्त 2017 में साध्वियों से यौन शोषण के मामले में सजा हुई थी। 9 साल में यह 17वीं बार है, जब वह पैरोल या फरलो पर जेल से बाहर आया है। इस साल जनवरी में उसे 40 दिन की पैरोल मिली थी। इसके बाद 26 मई को 30 दिन की पैरोल दी गई। 30 दिन की पैरोल पूरी करने के बाद वह 25 जून को सुनारिया जेल वापस लौटा था। उधर, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने पर सवाल उठाए हैं। कहना है कि राज्य स्तर पर राम रहीम को बार-बार पैरोल और फरलो देकर राहत पहुंचाई जा रही है। यह सारी चीजें कहीं न कहीं सवाल खड़े करती हैं। अकाल तख्त ने भी राम रहीम की फरलो पर आपत्ति जताई है। जत्थेदार कुलदीप सिंह गर्गज ने कहा, लंबे समय से जेल में बंद 'बंदी सिंहों' को रिहाई नहीं मिल रही, जबकि राम रहीम को बार-बार रिहा किया जा रहा है।



## काबू में आनी शुरू हुई चीनी की कीमतें, तीन रुपये तक गिरे दाम

**लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसी)।** प्रदेश में चीनी के दाम काबू में आने शुरू हो गए हैं। सीएम योगी की सख्त अपील और निर्यात नियमों में ढील के बाद यह बदलाव देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार जल्द ही कीमतें सामान्य हो जाएंगी। चीनी की बढ़ती कीमतों के पीछे कम उत्पादन के साथ कालाबाजारी भी बड़ी वजह बनकर सामने आई है। महाराष्ट्र और कोलकाता से बढ़ी मांग के कारण बाजार में कालाबाजारी बढ़ी। यूपी सरकार ने सख्ती करते हुए चीनी मिलों और स्टॉकिस्टों के यहां जांच शुरू की तो दो दिन में प्रदेश भर में थोक कीमतों में 200-300 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ गई। यानी रेट में 2-3 रुपये प्रति किलो की कमी हुई है।

# गडकरी बोले- नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देने का समय : अब पहले जितना काम नहीं कर सकता

### ▶▶बाद में सफाई- इसका राजनीति से लेना-देना नहीं



**नागपुर, 25 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 'जिम्मेदारी नई पीढ़ी के हाथों में सौंपने' वाले बयान पर मंगलवार को सफाई आई। गडकरी के ऑफिस ने कहा, 'उन्होंने अपने लक्ष्मणराव मानकर ट्रस्ट से जुड़े सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने की बात कही थी।' ऑफिस ने कहा कि उनके बयान का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में गडकरी के इस बयान को उनके राजनीति से रिटायरमेंट लेने से जोड़ दिया गया था। गडकरी का यह बयान 23 अगस्त का है। उन्होंने पुणे के काटोल में कहा था, ह्यअब ज्यादा काम नहीं कर सकता। जब कर सकता था, तब किया। नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। नितिन 37 साल से ज्यादा राजनीति में हैं। पिछले 12 साल से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इनके पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय है। अब मेरा काम में दखल कम हो गया: नागपुर के 'एकलव्य एकल विद्यालय शिक्षक-पर्यवेक्षक प्रशिक्षण वर्ग' के कार्यक्रम में 23 अगस्त को गडकरी ने कहा, ' मैं ज्यादा काम नहीं कर पाता। जब कर सकता था, तब किया। अब मेरा काम में दखल कम हो गया है।' मैं रोज सुबह उठकर ढाई घंटे एक्सरसाइज और प्राणायाम करता हूं। मेरा ट्रेनर मुझसे वर्कआउट करवाता है। युवाओं को भी रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम और प्राणायाम करना चाहिए। मेरा जीवन पहले बहुत अनियमित था। हम भावुक होकर साइकिल और स्कूटर से पार्टी के काम के लिए निकल पड़ते थे। उस समय हमारी पहचान के एक व्यक्ति के पास एम्बेसडर कार थी। जब भी पार्टी के बड़े नेता एयरपोर्ट आते थे, तो उनके आने-जाने की व्यवस्था हो सके, इसलिए हमने उस कार मालिक को ही पार्टी अध्यक्ष बना दिया था। लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्था नागपुर की एक सामाजिक संस्था है। मुख्य रूप से आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। संस्था एकल विद्यालय चलाती है। ट्रस्ट की अपनी वेबसाइट के मुताबिक, इसे नितिन गडकरी ने स्वर्गीय लक्ष्मणराव मानकर गुरुजी की स्मृति में स्थापित किया था।

# मलिक नर्सिंग होम में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ी, पति ने लगाए गंभीर आरोप

**बुढ़ाना, 25 अगस्त (बु.)।** कस्बे में ब्लॉक के पास संचालित मलिक नर्सिंग होम में प्रसव के बाद महिला की हालत गंभीर होने का मामला सामने आया है। महिला के पति रविपाल ने नर्सिंग होम के संचालकों और चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रविपाल ने बुढ़ाना एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह को शिकायत-पत्र देते हुए बताया कि 13 अगस्त को वह अपनी गर्भवती पत्नी प्रीति रानी को प्रसव के लिए मलिक नर्सिंग होम लेकर पहुंचा था। पति के अनुसार, डॉक्टर ने प्लेटलेट्स की कमी बताई, जिसके बाद प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराई गई। आरोप है कि इसके बाद प्रसव कराने की प्रक्रिया शुरू हुई और महिला को लगातार दर्द बढ़ाने वाले इंजेक्शन दिए गए। पति का कहना है कि पत्नी ने ऑपरेशन कराने की बात कही, लेकिन उसे सामान्य प्रसव होने का भरोसा दिया गया। रविपाल के मुताबिक, शाम करीब आठ बजे प्रसव के बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे मेरठ के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। पति का दावा है कि बाद में उसे बताया गया कि प्रसव के दौरान महिला की बच्चेदानी और पेशाब की थैली को गंभीर क्षति पहुंची, जिसके कारण अत्यधिक रक्तस्राव हुआ

### बच्चेदानी और पेशाब की थैली फटने का दावा, पति ने जांच और कार्रवाई की मांग की



और उसकी जान पर बन आई। पति का आरोप है कि इस घटना के बाद उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है और भविष्य में मां बनने की संभावना भी प्रभावित हुई है। उसने मलिक नर्सिंग होम में चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकीय योग्यता और पूरे उपचार की जांच कराने की मांग की है। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# तार चोरी करने वाले 5 शातिर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** थाना शाहपुर पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले 5 शातिरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दो शातिर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो तमंचे, 70 किलो ट्रांसफॉर्मर की कॉइल, एक छोटा हाथी व नकदी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने बताया कि अवर अभियंता विशाल कुमार वर्मा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने गांव किनौनी के जंगल से किसानों के नलकूल पर लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मरों से विद्युत तार व सामान चोरी किया है। पुलिस ने टीम गठित कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। देर रात पुलिस हरसौली काकड़ा के बीच मेन रोड पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। पुलिस ने एक संदिग्ध छोटे हाथी को देखकर रोकने का प्रयास किया तो उसने सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश जोगिन्द्र उर्फ टीना निवासी गांव वहलना थाना खालापार व सुल्तान निवासी समर




गार्ड थाना लिसाडी गेट मेरठ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उनके फरार साथी इरशाद निवासी खुशहाल कॉलोनी मेरठ, सद्दाम हुसैन निवासी मोरी कलां, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़ व मुकीन निवासी मुस्तफाबाद, थाना लोनी, गाजियाबाद को कॉम्बिंग में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं।



## कश्मीरी गेट में ढही पुरानी इमारत, पुलिस के जान पर खेलकर 3 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसी)।** कश्मीरी गेट इलाके के कूचा मोहतार खान में मंगलवार को वर्षा के कारण एक पुरानी और जर्जर इमारत का हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान इमारत की दूसरी मंजिल पर एक परिवार के तीन सदस्य फंस गए। इमारत लगातार ढह रही थी और अंदर जाने का रास्ता भी पूरी तरह बंद हो गया था। ऐसे में सूचना पर पहुंची कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने फायर सर्विस, एमसीडी और अन्य संबंधित एजेंसियों के पहुंचने से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। राहत की बात रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। उत्तरी जिले की उपायुक्त नीहारिका भट्ट के मुताबिक, कश्मीरी गेट थाने को कूचा मोहतार खान स्थित मकान संख्या 3892 में इमारत गिरने की पीसीआर काल मिली थी। बीट पर तैनात हेड कांस्टेबल अंकुर तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि पुरानी इमारत का एक हिस्सा ढह चुका था। एहतियात के तौर पर पुलिसकर्मियों ने आसपास का इलाका घेर लिया और लोगों को दूर कर दिया।

# किसान के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले जन सुविधा केन्द्र संचालक को साइबर क्राइम पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)।** किसान की 104 बीघा कृषि भूमि को बेचने का प्रयास करने के प्रकरण में किसान का फर्जी आधार व पैन कार्ड बनाने वाले जन सुविधा केन्द्र संचालक को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकरण में पुलिस सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक में खाता भी खुलवाया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा को हरियाणा के पानीपत निवासी किसान सुरेन्द्र कुमार ने शिकायत करते हुए जानकारी दी कि रामराज थाना क्षेत्र में उसकी 104 बीघा कृषि भूमि है। कुछ आरोपियों ने कृषि भूमि को बेचने के इरादे से उसका बैंक में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक में खाता खुलवाया था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने मामले में जांच पड़ताल करने के बाद आसिफ उर्फ बादशाह, अंकुर व रोबिन को गिरफ़्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने जनसुविधा केन्द्र से किसान का फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाया था। आधार कार्ड पर आरोपी आसिफ ने अपना फोटो लगाते हुए बैंक में खाता खुलवाकर 104 बीघा को बेचने के इरादे से खाते में पैसे लेने की योजना बनाई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने वाले जन सुविधा केन्द्र संचालक नवीन निवासी होली चौक थाना खतौली को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 कम्प्यूटर, 1 प्रिंटर, 1 वाईफाई, 3 मोबाइल, 3 पासबुक, 4 एटीएम, 8 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।

## ब्रिक्स सम्मेलन से पहले दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसी)।** राजधानी में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। खुफिया इनपुट के मुताबिक, पाकिस्तान में बैठा आतंकी शहजाद भट्टी दिल्ली के बाहरी इलाकों में कम तीव्रता वाला विस्फोट करने या पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने की साजिश रच सकता है। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है और एहतियाती तौर पर दो हजार से अधिक लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, निगरानी के दायरे में घोषित अपराधी, जमानत पर बाहर चल रहे संदिग्ध और सबूतों के अभाव में रिहा किए गए ऐसे लोग शामिल हैं, जिनकी गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का कारण बन सकती हैं। अधिकारी के मुताबिक, खुफिया जानकारी का विश्लेषण इस आशंका की ओर इशारा करता है कि सम्मेलन के दौरान दहशत फैलाने और सुर्खियां बटोरने के उद्देश्य से कम तीव्रता वाला हमला किया जा सकता है।

## आगरा में टीचर पति को पत्नी ने दी किडनी: बोलीं- जिसके साथ जीना-मरना, उसके लिए किडनी कुछ भी नहीं

**आगरा, 25 अगस्त (एजेंसी)।** एसएन मेडिकल कॉलेज में पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। पहला ट्रांसप्लांट टीचर महेंद्र कुशवाहा का हुआ। उनकी पत्नी मीना ने अपनी एक किडनी देकर पति को नया जीवन दिया है। अब महेंद्र और मीना दोनों स्वस्थ हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सोमवार को मीना ने पति से वीडियो कॉल पर बात की। कहा- आप ठीक तो हैं? मीना ने कहा कि मैंने जिसके साथ जीने-मरने की कसम खाई, उसके लिए एक किडनी कुछ भी नहीं है। मैं बहुत खुश हूं कि मेरी किडनी पति के काम आई। इतना कहते ही मीना की आंखें छलक पड़ीं। 2 मिनट तक पति से बात करने के बाद मीना को तसल्ली हुई। उन्होंने भगवान और डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया। हाथरस के सिकंदराराऊ में रहने वाले महेंद्र कुशवाहा (32) एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं। डेढ़ साल पहले उन्हें पता चला कि उनकी किडनी खराब हैं। इसके बाद से वह लगातार डायलिसिस करा रहे थे। शरीर कमजोर होता जा रहा था। डायलिसिस के लिए पत्नी मीना खुद उन्हें लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज आती थीं। मीना 3 बच्चों की परवरिश के साथ घर भी संभालती रहीं। डॉक्टर ने मीना को बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट होने पर महेंद्र की जान बच सकती है। प्राइवेट अस्पतालों में खर्च अधिक होने से ट्रांसप्लांट के लिए रुपए का इंतजाम महेंद्र और मीना के लिए चुनौती बन गया। इसी बीच उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में किडनी ट्रांसप्लांट की सेवाएं शुरू होने के बारे में पता चला। इसके बाद मीना ने पति को दिखाकर रजिस्ट्रेशन कराया और अपनी किडनी देने का फैसला किया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बोला- स्कूल में हिजाब पहनने की इजाजत नहीं

### ▶▶सेक्युलरिज्म के लिए यूनिफॉर्म जरूरी; नाबालिग छात्रा की याचिका खारिज

**प्रयागराज, 25 अगस्त (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूलों में हिजाब पहनने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सोमवार को कहा स्कूल में यूनिफॉर्म के नियम का पालन करना जरूरी है। इससे बच्चों में बराबरी की भावना रहती है। स्कूल की अपनी पहचान भी बनती है।

हाईकोर्ट ने कहा, यूनिफॉर्म की बदौलत बिना किसी धार्मिक भेदभाव वाला माहौल बना रहता है। इसलिए कोई भी छात्र या छात्रा स्कूल के तय किए गए ड्रेस कोड को बदलने की जिद नहीं कर सकती। स्कूल में व्यक्तिगत आधार पर हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह यूनिफॉर्म के विचार के खिलाफ होगा। इससे स्कूल के अनुशासन को तय करने का अधिकार संस्थान के बजाय अलग-अलग छात्रों के हाथ में चला जाएगा। जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस इंद्रजीत शुक्ला की डिविजन बेंच ने इसके साथ ही नाबालिग छात्रा की याचिका खारिज कर दी।

याचिका लगाने वाली छात्रा ने प्रयागराज के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती है। उसने अपनी मां के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। छात्रा का तर्क था कि वह कक्षा 6 से 10 तक हिजाब पहनकर ही स्कूल में पढ़ाई करती रही है। कभी कोई आपत्ति नहीं जताई गई। छात्रा ने याचिका के साथ पुराने पहचान पत्र और स्कूल की ग्रुप फोटो भी लगाई थी। छात्रा ने कहा- वह 11वीं कक्षा में भी हिजाब पहनकर ही स्कूल जाना चाहती है, लेकिन परमिशन नहीं मिल रही। हमने डीएम से भी शिकायत की, जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने रिपोर्ट मांगी। स्कूल प्रिंसिपल ने साफ किया कि यह शिक्षा संस्थान है, जहां



सभी छात्रों के लिए एक समान ड्रेस कोड है। किसी एक छात्रा को अलग छूट देने से स्कूल की व्यवस्था प्रभावित होगी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि हिजाब पहनना उसकी धार्मिक मान्यता से जुड़ा है। इसे पहनने से उसे निजता, व्यक्तिगत आजादी और बोलने की आजादी जैसे मौलिक अधिकार प्राप्त होते हैं। ऐसे में स्कूल को निर्देश दिया जाए कि उसे हिजाब पहनने से न रोके। स्कूलों में हिजाब विवाद कर्नाटक में जनवरी 2022 में उडुपी के एक सरकारी कॉलेज से शुरू हुआ। कुछ मुस्लिम छात्राओं ने हिजाब पहनकर कक्षा में बैठने की मांग की, जबकि कॉलेज प्रशासन ने इसे यूनिफॉर्म नियम के खिलाफ बताया। इसके बाद विरोध दूसरे कॉलेजों तक पहुंचा और कुछ जगह भगवा शॉल पहनकर जवाबी प्रदर्शन हुए। 15 मार्च 2022 को कर्नाटक हाईकोर्ट ने छात्राओं की याचिका खारिज करते हुए कहा कि हिजाब इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है और स्कूल के तय ड्रेस कोड का पालन कराया जा सकता है। हिजाब विवाद पर 13 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच का फैसला एकमत नहीं था। दोनों जजों की राय अलग रही। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा। उनके मुताबिक स्कूल का ड्रेस कोड सभी छात्रों पर समान रूप से लागू होता है और हिजाब को इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा साबित नहीं किया गया। वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा कि इस मामले में यह तय करना जरूरी ही नहीं है कि हिजाब अनिवार्य धार्मिक प्रथा है या नहीं। उनके मुताबिक छात्रा की आस्था और पसंद को अनुच्छेद 19 और 25 के तहत देखा जाना चाहिए।

# दस कुंतल मावा नष्ट कराया, लाखों का माल जब्त, दस नमूने जांच को भेजे

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मंगलवार तड़के छपार क्षेत्र स्थित टिंकू मावा भट्टी पर छापेमारी के दौरान टीम ने मावा तैयार करने में इस्तेमाल की जा रही विभिन्न सामग्रियों के कुल 10 विधिक नमूने लिए। इस दौरान करीब 1000 किलोग्राम (10 कुंतल) मावा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई, को मौके पर ही नियमानुसार नष्ट करा दिया गया। कार्रवाई का नेतृत्व सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय अर्चना धीरान और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान ने किया। खाद्य विभाग के अनुसार, मौके पर खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा विभिन्न पदार्थों को मिलाकर मावा तैयार किए जाने की पुष्टि हुई। टीम ने कार्रवाई के दौरान मावा के तीन विधिक नमूने लिए। इसके अलावा सेलखड़ी, वनस्पति, एसएमपी, ईसबगोल, हाइड्रो, रसोई गोल्ड वनस्पति और इंटरस्ट्रेटिफाइड वेजिटेबल फैट के भी विधिक नमूने नियमानुसार संग्रहित किए गए। इस प्रकार मौके से कुल 10 विधिक नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मौके पर उपलब्ध करीब 1000 किलोग्राम मावा प्रथम दृष्ट्या मानव उपभोग के अनुरूप प्रतीत नहीं हुआ। साथ ही इसे अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रखा गया था। खाद्य सुरक्षा टीम ने जनहित में नियमानुसार पूरे मावा को मौके पर ही नष्ट करा दिया। नष्ट किए गए मावा की अनुमानित कीमत करीब 2,00,000 (दो लाख) रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में अन्य खाद्य सामग्री भी जब्त की। इसमें करीब 648 किलोग्राम एसएमपी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये है, 176 किलोग्राम वनस्पति, जिसकी अनुमानित कीमत 37,678 रुपये तथा 43 किलोग्राम इंटरस्ट्रेटिफाइड फैट, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपये है, शामिल है। कुल मिलाकर 867 किलोग्राम सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2,47,678 रुपये बताई गई है। जब्त सामग्री को नियमानुसार खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। खाद्य विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा लाइसेंस/ रजिस्ट्रेशन प्राप्त किए बिना खाद्य व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। विभाग की ओर से संबंधित थाने में खाद्य कारोबारकर्ता के




खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई है। इसके साथ ही टिंकू मावा भट्टी पर खाद्य कारोबार का संचालन पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया है।